# अंतरराज्यीय बाक्सिंग चौपिंयनशिप के खिलाड़ियों के आवश्यकताओं का तत्काल निराकरण करवाए–आयुक्त

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जवाहर नगर स्पोटर्स काम्प्लेक्श में अंतरराज्यीय बाक्सिंग चौपिंयनशिप की स्पर्धा चल रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय भ्रमण के दौरान स्पोर्टस काम्प्लेक्श में पहुंचकर आयोजक मण्डल कोच एवं खिलाड़ियो से संपर्क किए। वहां पर हो रही प्रतियोगिता के प्रतिभागियो से मिलकर जानकारी प्राप्त किये। आयोजक मंडल के प्रतिनिधि बाक्सर सुरेश द्वारा बताया गया, कि अंतरराज्यीय प्रतियोगिता में पुरे छत्तीसगढ़ से बाक्सिंग के प्रतिभागी आये हुए है। अपने–अपने वेट के हिसाब से प्रतियोगिता में भाग लेगें। अपने राउण्ड से विजेता प्रतियोगी अंतिम राउण्ड में पहुचेगे। वहां पर फाईनल मैच होगा, अंत में उन्हे गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। राज्य स्तर के विजेता खिलाड़ी नेशनल खेलने रायबरेली उत्तरप्रदेश जायेगे। स्पोर्टस काम्प्लेक्श में लगभग 150 से अधिक बाक्सिंग खिलाड़ी आए हुए है। जिसमें से महिला/पुरूष दोनो वर्ग के खिलाड़ी है। पुरूष वर्ग में 47 से 50, 50 से 55, 55 से 60, 60 से 65, 65 से 70, 70 से 75, 75 से 80, 80 से 85, 85 से 90 और 90 से अधिक हैवी वेट खेलेगे। इसी प्रकार महिला वर्ग में 45 से 48, 48 से 51, 51 से 54, 54 से 57, 57 से 60, 60 से 65, 65 से 70, 75 से 80, 80 से अधिक हैवी वेट में खेलेगी। वहां के आयोजक आर राजेन्द्रन, सचिव सीएम ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुरेश द्वारा आयुक्त से मांग किया गया कि पानी का मोटर खराब हो गया है। अतिरिक्त शौचालय की भी आवश्यकता है और रात में लाईट कम होने से खिलाड़ियो को तकलीफ हो रही है। यह सुनकर आयुक्त ने जोन आयुक्त येशा लहरे से बात कर खिलाड़ियो के लिए चलित शौचालय, पानी के लिए बोर में नया मोटर, हाइलोजन लाईट एवं सफाई का व्यवस्था का तत्काल निराकरण करवाया। इसके लिए आयोजक मंडल द्वारा खुशी व्यक्त की गई। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा, उपअभियंता अर्पित बंजारे, श्वेता वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू, जनसम्पर्क अधिकारी अजल शुक्ला आदि उपस्थित रहे।